# सिहावल छात्रावास अधीक्षक 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

## रिटायर्ड शिक्षक से जीपीएफ फाइल क्लियर करने मांगी गई थी रिश्वत, लोकायुक्त टीम ने की छापामार कार्रवाई





नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 नवम्बर. लोकायुक्त रीवा की टीम ने आज दोपहर एक छात्रावास अधीक्षक को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। यह रिश्वत रिटायर्ड शिक्षक से जीपीएफ फाइल क्लियर करने के एवज में ली जा रही थी।**

यह कार्रवाई सिहावल के अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास क्रमांक 2 में की गई। हाल ही में रिटायर हुए शिक्षक वशिष्ठ मुनि द्विवेदी निवासी टिकरी, थाना मड़वास ने 23 सितंबर 2025 को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था कि उनकी जीपीएफ फाइल अग्रेषित करने के एवज में आरोपीगण राजेश पटेल मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग जिला सीधी एवं अशोक पाण्डेय अधीक्षक जूनियर आदिवासी बालक छात्रावास सिहावल द्वारा 50 हजार रुपए की मांग की जा रही है। आरोपी अशोक पाण्डेय के द्वारा पूर्व में 40 हजार रुपए ले लिए गए हैं। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा द्वारा सत्यापन कराया गया। जिसमें शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग किया जाना पाया गया। आज पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के निर्देशन में टीम गठित कर ट्रैप कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। जिसके बाद आज ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। वशिष्ठ मुनि द्विवेदी इसी छात्रावास में शिक्षक के रूप में पदस्थ थे और चार महीने पहले ही रिटायर हुए थे। अधीक्षक ने उनकी जीपीएफ फाइल क्लियर करने के बदले यह राशि मांगी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह तय रकम लेकर अधीक्षक के पास पहुंचे तो वह उस समय परिसर में कुछ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों की मौजूदगी देखकर अधीक्षक ने रुपए लेने से बचने की कोशिश की लेकिन टीम ने पहले से घेराबंदी कर रखी थी। थोड़ी ही देर में लोकायुक्त ने अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। अशोक पाण्डेय ने गिरफ्तारी के बाद अपनी फोटो और वीडियो सार्वजनिक न करने का अनुरोध किया, जिसके चलते लोकायुक्त टीम ने आरोपी के कोई विजुअल जारी नहीं किए हैं। आरोपी को पूंछताछ के लिए रेस्ट हाउस में रखा गया।

### इनका कहना है

अधीक्षक अशोक पाण्डेय को 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। शिकायत की पुष्टि होने के बाद ही कार्रवाई की गई। फिलहाल आरोपी से पूंछताछ जारी है।

**उपेंद्र द्विवेदी,**
निरीक्षक लोकायुक्त रीवा

# वरूण युवा कांग्रेस सतना व सौरभ मैहर के बने जिलाध्यक्ष

## सूची जारी होने के बाद युवा कांग्रेस में उत्साह की लहर



नवभारत न्यूज

**सतना,6 नवम्बर. इंडियन यूथ कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों के साथ विधान सभा और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। सतना जिला के अध्यक्ष वरूण गुर्जर डिंकल चुने गए हैं। जबकि मैहर के जिलाध्यक्ष सौरभ शर्मा लल्ला को युवाओं ने चुना है।**

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष यश धनघोरिया और प्रदेश महा सचिव देवांशु सिंह बनाए गए हैं।

**सतना जिला के अध्यक्ष** - वरूण गुर्जर डिंकल, जिला अध्यक्ष, अंकित गुप्ता, शहर अध्यक्ष, शुभम समदरिया, विधान सभा अध्यक्ष रैगांव- कार्तिकेय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष रामपुर बाघेलान,अक्षत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नागौद अंकदेव सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट

**ब्लॉक अध्यक्ष विस चित्रकूट**- महेन्द्र यादव, बरौंधा नारायण मिश्रा, मझगवां पंकज शुक्ला, बिरसिंहपुर,

**ब्लॉक अध्यक्ष विस नागौद**- आदर्श त्रिपाटी अमन, नागौद - धर्मेन्द्र सिंह, परसमनिया मिठाई लाल कुशवाहा, उचेहरा

**ब्लॉक अध्यक्ष विस रैगांव**-- अनुराग सिंह, कोठी - विष्णु पांडेय, सिंहपुर - रोहित मिश्रा, सोहावल

**ब्लॉक अध्यक्ष विस रामपुर बाघेलान**-- संदीप सिंह, बेला मोरध्वज कुशवाहा, छिबौरा - रजनीकांत त्रिपाठी, कोटर- सौरभ सिंह बघेल, रामपुर बाघेलान

**ब्लॉक अध्यक्ष विस सतना**-- भार्गेन्द्र सिंह, बाबूपुर - विनय प्रजापति, धवारी - धर्मेन्द्र लोधी, हनुमान नगर - कपिल गर्ग, सतना-1, - अमन श्रीवास्तव, सतना- 2

**मैहर जिला के अध्यक्ष**- सौरभ शर्मा लल्ला, जिला अध्यक्ष - दीर्घायु द्विवेदी शिब्बू, विधानसभा अध्यक्ष मैहर कौशलेन्द्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष अमरपाटन

**ब्लॉक अध्यक्ष विस अमरपाटन** - मोहम्मद जावेद, अमरपाटन- प्रषोध मिश्रा, रामनगर, शिवम तिवारी, ताला

**ब्लॉक अध्यक्ष विस मैहर**- अजय कुमार पांडेय, अमदरा - कुलदीप मिश्रा, बदेरा, मुकेश सिंगरौल, नादन, शारदा चरण पटेल, मैहर

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद का तीन दिवसीय अधिवेशन रीवा में


▸ पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद करेंगे साहित्य परिषद के अधिवेशन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 नवम्बर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 17वां अखिल भारतीय अधिवेशन रीवा में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सात नवम्बर से नौ नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है.**

अधिवेशन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुशीलचन्द्र त्रिवेदी मधुपेश करेंगे. समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. रीवा में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन में एक हजार से अधिक साहित्यकार और विद्वान शामिल हो रहे हैं. अधिवेशन के संबंध में संयोजक चन्द्रकांत तिवारी महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल प्रांत ने बताया कि सात नवम्बर को दोपहर एक बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा. इसके बाद शाम 5.30 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम से शोभा यात्रा निकाली जाएगी. उद्घाटन सत्र के अंतिम चरण में रात 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है. अधिवेशन में 8 नवम्बर को अलग-अलग सत्रों में सुबह 10 बजे से निर्धारित विषयों पर विचार विमर्श और संवाद होगा तथा विद्वानों के व्याख्यान होंगे. रात में 9 बजे सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है. अधिवेशन में 9 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे से बैठकें तथा व्याख्यान के सत्र होंगे. दोपहर 2.30 बजे समापन सत्र के बाद अधिवेशन का विधिवत समापन किया जाएगा.

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज आयेंगे



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 7 नवम्बर को भोपाल से वायुयान द्वारा रवाना होकर दोपहर 2 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगे. श्री कोविंद अपरान्ह 3 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगे. पूर्व राष्ट्रपति शाम 4.05 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से रीवा एयरपोर्ट रवाना होंगे. तदुपरांत 4.30 बजे वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थित होंगे.






# गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चालक ने लगाई फांसी

## चितरंगी थाना क्षेत्र के बसनिया मार्ग में हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 नवम्बर। एक्सयूव्ही 700 वाहन को चितरंगी थाना क्षेत्र के बसनिया मुख्य मार्ग में बेकाबू गति से चलाते हुये चालक ने पेड़ में ठोकर मार दिया। जहां एक्सयूव्ही वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।**

संभवत: मालिक के भय से चालक पेड़ में टी-सर्ट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। यह घटना बीते दिन बुधवार की रात की है।

जानकारी के अनुसार सिंगरौली के राजकुमार दुबे की एक्सयूव्ही 700 वाहन क्रमांक यूपी 64 एबी 8066 को अजगुढ़ निवासी रामदेव सिंह गोड़ पिता मेवालाल गोड़ उम्र 48 वर्ष बतौर चालक के रूप में चला रहा था। बुधवार की रात चितरंगी के बसनिया मार्ग में बेकाबू वाहन सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। जहां कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चितरंगी टीआई सुधेश तिवारी के अनुसार चालक वहीं पेड़ में टी-सर्ट के सहारे फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया। उक्त घटना की जानकारी आज दिन गुरूवार की सुबह मिली। मौके पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिला सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आज

**सतना 06 नवम्बर** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत जिला सतर्कता समिति एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 7 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।



# संगीत समारोह की पूर्व संध्या पर पूर्वरंग कार्यक्रम शुरू

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर 6 नवंबर ।मैहर जिले के ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां साहब की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले 51 वे संगीत समारोह की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पूर्वरंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ।**

पूर्वरंग कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के शास्त्रीय संगीत के नवोदित स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत की अनुपम छटा बिखेरी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री कांत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम दिव्या पटेल,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सत्यभान पटेल ,संतोष सोनी,सीएमओ सुषमा मिश्रा,डा के सी जैन तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित गणमान्य नागरिक और संगीत रसिक श्रोता उपस्थित थे। उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का आगाज 7 नवंबर को शाम 7 बजे से मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया जायेगा ।मैहर के अलाउद्दीन खां स्टेडियम में संगीत समारोह की संगीत संध्या 9 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से शुरू की जाएगी ।जिसमे देश विदेश के ख्याति लब्ध शास्त्रीय संगीत के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे ।कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा ।संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नागरिक सादर आमंत्रित हैं।

### पूर्व रंग में इनकी हुईं प्रस्तुतियां

सुश्री तुलसी त्रिपाठी -शास्त्री गायन, नंदिता पटेल- कथक, शुभांशु चौरसिया अंश सोनी शुभम चौरसिया -सितार तिगलबंदी मानसी पांडे -शास्त्रियगायन छाया वसानी- कथक नृत्य रमाकांत त्रिपाठी -शास्त्रीय वादन अंजली पांडे -कथक सांस्कृतिक नृत्य विवेक विश्वकर्मा -शास्त्रियगायन ज्योति चौधरी- नल तरंग वादन रजनीश विश्वकर्मा -तबला वादन की रही।

# रीवा से दिल्ली के लिए 72 सीटर विमान भरेगा उड़ान

## 10 को विमान भरेगा उड़ान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू करेंगे रवाना



नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 नवम्बर, विन्ध्यवासियों के लिये इंतजार की घड़ी समाप्त हो रही है. रीवा, विन्ध्य एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को वायुसेवा का नियमित लाभ मिलना शुरू हो जायेगा.**

रीवा से दिल्ली के लिये 72 सीटर विमान 10 नवम्बर को रीवा एयरपोर्ट से रवाना होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू एलायंस एयर के एटीआर 72 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिये रवाना करेंगे. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आगामी 10 नवम्बर को एयरपोर्ट रीवा में प्रात: 11 बजे से आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. एयरपोर्ट रीवा में मंच व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया. उन्होंने इससे पूर्व आयोजित बैठक में कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में हवाई सुविधाओं में वृद्धि हुई व आर्थिक सुदृढ़ता आई है. यह एयरपोर्ट केवल आधारभूत संरचना नहीं बल्कि विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने वाला माध्यम है. यह इस क्षेत्र की आर्थिक, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है. एटीआर-72 विमान के संचालन से विन्ध्य क्षेत्र के साथ ही जिले से लगे उत्तरप्रदेश के लोगों को भी इससे लाभ मिलेगा. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रीवा से इंदौर के लिये भी वायुसेवा शुरू होगी जिससे कनेक्टिग तौर पर यात्रियों को इंदौर से देश के अन्य शहरों के लिये भी वायुयान उपलब्ध रहेंगे. बैठक में आयुक्त रीवा संभाग बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र चौहान, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### सप्ताह में तीन दिन होगी उड़ान

रीवा से दिल्ली जाना अब विंध्य वासियों के लिये आसान हुआ है. 10 नवम्बर के बाद 11 नवम्बर से सप्ताह में तीन दिन रीवा से दिल्ली विमान का संचालन होगा. 3880 रूपये में दिल्ली तक का सफर होगा. बताया गया है कि 10 नवम्बर को दोपहर 12.05 बजे पहली उड़ान होगी और दिल्ली 2.20 बजे पहुंचेगी. इसके साथ ही रीवा से इंदौर का भी प्रस्ताव है जल्द ही इंडिगो कम्पनी रीवा से इंदौर के लिये उड़ान शुरू करेगी. तैयारियां चल रही है नए वर्ष में इसकी सौगात मिल सकती है. इस अवसर पर एलायंस एयर के प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल व यशवर्धन सिंह ने बताया कि 10 नवम्बर को वायुयान 12.10 बजे रीवा से दिल्ली रवाना होगा. इसके उपरांत 11 नवम्बर से सप्ताह में तीन दिन इस विमान का नियमित रूप से संचालन होगा.

# स्थाई नियुक्ति के लिए कोरोना योद्धाओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 नवम्बर. गुरूवार को कोविड़ 19 स्वास्थ्य संगठन सीधी द्वारा मु य मंत्री के नाम का मॉग पत्र जिला कलेक्टर रवीन्द्र कुमार एवं मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. बी.एल. मिश्रा को सौंपा गया।**

मॉग पत्र के माध्यम से बताया गया कि मध्य प्रदेश मे वर्तमान मे 6113 अस्थाई कोरोना योद्धा अप्रैल 2020 से लगातार अपने प्राणों की परवाह किये बगैर वास्तविक धरातल पर जन सेवा को अंजाम दे रहे हैं। संगठन द्वारा बताया गया कि अगर कु भ मेला 2016 मे 2700 सुरक्षा कर्मियों की अस्थाई नियुक्ती की गयी थी और बाद मे उन्हे स्थाई किया जा सकता है तो फिर कोरोना योद्धाओं के द्वारा तो मध्य प्रदेश के करोड़ो लोगो की प्राण रक्षा का पावन पुनीत कार्य किया गया है। जिसके गवाह आम जनमानस या फिर ऐसे कोरोना पॉजटिव मरीज है जिन्हे घर के एक सदस्य की भाँति वेहतर उपचार उपलब्ध कराया गया। मॉग पत्र के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन से मॉग की गयी है कि 6113 अस्थाई कोरोना योद्धाओं का संविलियन सदैव के लिये स्थाई किया जाय।

### भरण पोषण की समस्या

संगठन द्वारा बताया गया कि कोरोना संक्रमण काल के प्रारंभ काल से मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा महामारी के नियंत्रण के लिए मेडिकल ऑफिसर आयुषए स्टाफ नर्सए लैब टेक्नीशियनए एन एम एवं सपोर्ट स्टाफ की भर्ती की गई थी। अस्थाई कर्मचारियों का मानना है कि जब कोरोना महामारी विकराल रूप धारण कर चुकी थी ऐसी स्थिति में हम लोगों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए रोगियों की देखरेख की।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौपने के दौरान जिले के सभी कोविड19 संगठन के पदाधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर के .पी . सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ मनोज सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका कुशवाहा, जिला अध्यक्ष डॉक्टर संजीव गौतम, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी फार्मासिस्ट मनोज सिंह व सभी ब्लॉक के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे .

# महीने भर से लापता नाबालिका मझौली में मिली

## बरगवां पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 नवम्बर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरगवां थाना के गोंदवाली क्षेत्र से महीने भर से लापता अपहृता बालिका को ग्राम मझौली थाना बैढ़न से दस्तयाब कर लिया गया।**

गौरतलब है कि गोंदवाली के फरियादी परिजनों ने 4 अक्टूबर को बरगवां थाना में तहरीर दी कि उनकी 17 वर्षीय लड़की बीते 2 अक्टूबर से घर में बिना बताये कहीं चली गई, जो अभी तक वापस घर नहीं आयी। परिजनों की सूचना पर बरगवां निरीक्षक ने धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया। नाबालिक अपहृता का पता तलाश सायबर सेल कि मदद से किया गया जो अपहृता को ग्राम मझौली थाना बैढ़न से दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मो. समीर, सउनि श्यामबिहारी द्विवेदी, प्रआर अनूप मिश्रा, सुनील सिंह, आर शिवभान सिंह, अरूणेन्द्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनसीएल के सीएमडी मौजूद पेंशन भोगियों से हुए रूबरू

## सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए डिजिटल लाइफ सेर्टिफिकेट 4.0 अभियान का हुआ शुभारंभ




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 नवम्बर। एनसीएल ने कोयला खान भविष्य निधि संगठन के सहयोग से सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए डिजिटल लाइफ सेर्टिफिकेट 4.0 अभियान का शुभारंभ किया।**

इस दौरान सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने उपस्थित पेंशन भोगियों से रूबरू होते हुए कहा कि डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सरल, तेज और स्मार्ट प्रक्रिया है। उन्होंने इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का पेंशन भोगियों से आह्वान किया । शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनभोगियों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही डेमो सत्र के माध्यम से कुछ पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र भी बनाए गए। एनसीएल द्वारा आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से सरल एवं नि: शुल्क रूप से जमा कराना है।

### एनसीएल के परियोजनाओं में शिविर 10 से

इस अभियान के अन्तर्गत एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में डीएलसी कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। कंपनी मुख्यालय में आगामी 12 व 13 नवंबर को डीएलसी कैंप लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त निगाही परियोजना में आगामी 10 से 11 नवंबर को बीना परियोजना में 14 से 17 नवंबर, कृष्णशिला परियोजना में 18 से 19 और ककरी परियोजना में 20 से 21 नवंबर को डीएलसी कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन कोयला खान भविष्य निधि संगठन, सिंगरौली और पेंशन विभाग, एनसीएल के संयोजन से किया गया।


**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर ई निविदा सूचना क्र. ५/२०२५-२०२६**
**मुदतवाढ**

इचलकरंजी महानगरपालिका घनकचरा व्यवस्थापन विभागाकडून इचलकरंजी शहरातील नेमून दिलेल्या क्षेत्रामध्ये घनकचरा व्यवस्थापनाशी निगडीत कामकाजाकरीता मनुष्यबळ पुरविणे कामांची जाहीर ई निविदा क्रं. ५/२०२५-२६ या निविदेमधील वरील कामांस सदर ई निविदा सादर करण्याचा अंतिम दि. १७/११/२०२५ दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत अशी मुदतवाढ देणेत येत आहे.

शक्य झालेस निविदा दि. १८/११/२०२५ दुपारी ४.०० वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर ऑनलाईन पध्दतीने उघडणेत येतील. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
उपायुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99